खेत में सो रहे दंपत्ति पर हमला : पति की दर्दनाक मौत

जिंदगी और मौत से जूझ रही पत्नी, क्षेत्र में हड़कंप

नवभारत/ नरसिंहपुर/ गोटेगांव। जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत डंगहा गांव में देर रात एक खौफनाक वारदात ने पूरे इलाके को दहलाकर रख दिया। खेत स्थित अपने मकान पर सो रहे एक दंपत्ति पर अज्ञात नकाबपोश हमलावरों ने अचानक बोल दिया। इस बर्बर हमले में 50 वर्षीय पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी अत्यंत नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।

आधी रात को हुआ खूनी खेल

घटना की मिली जानकारी के मुताबिक, डंगहा गांव निवासी भाईजी कौरव (50 वर्ष) और उनकी पत्नी सविता कौरव (45 वर्ष) अपने खेत पर बने मकान में रात को विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान देर रात अज्ञात हमलावर चुपचाप घर में दाखिल हुए और सो रहे दंपत्ति पर अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने बिना किसी बहस या चेतावनी के फावड़े और डंडों से सीधे सिर पर ताबड़तोड़ कई प्रहार किए। प्रहार इतने भीषण थे कि भाईजी कौरव का सिर बुरी तरह कुचल गया और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

पत्नी की हालत गंभीर, जबलपुर रेफर

पति पर हुए हमले को देखकर बीच-बचाव करने उतरी पत्नी सविता कौरव को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। उनके सिर और शरीर पर कई प्राणघातक वार किए गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचते, हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो चुके थे।

पुलिस जांच में जुटी

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही डोंगरगांव पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने शुरू किए। मृतक भाईजी कौरव के शव को कब्जे में लेकर गाडरवारा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है।

इन्होंने कहा...

मामला बेहद गंभीर है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौका-ए-वारदात का मुआयना कर लिया है। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद ली जा रही है। जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

-बबीता पहाड़े, थाना प्रभारी (डोंगरगांव)

एनटीपीसी में नशे से दूरी है जरूरी-2.0 अभियान

नवभारत/ गाडरवारा। प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी-2.0 अभियान के तहत एनटीपीसी गाडरवारा में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला ने अधिकारियों एवं नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और नशे के खिलाफ सामूहिक जनभागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है तथा इससे मुक्ति केवल जनजागरूकता और सामूहिक संकल्प से ही संभव है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्य न्यायिक

मजिस्ट्रेट राकेश सनोडिया, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश तिवारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजय यादव एवं उपस्थित अधिकारियों और आमजन को नशे से दूरी है जरूरी-2.0 अभियान का बैज लगाकर नशामुक्ति अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। इसके बाद पुलिस टीमों ने क्षेत्र में पंपलेट एवं पोस्टर वितरित कर लोगों को नशे के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान और नशामुक्त समाज के महत्व की जानकारी दी। साथ ही सभी से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों ने नशा नहीं करेंगे, न किसी को करने देंगे का सामूहिक संकल्प लेते हुए नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का विश्वास व्यक्त किया।

एक नजर में

राजाकछार गौशाला में 95 गौवंश संरक्षित

नरसिंहपुर। जनपद पंचायत गोटेगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत राजाकछार की गौशाला का पंजीयन मार्च 2026 को विधिवत संपन्न हुआ था, जिसके बाद से गौशाला का नियमित संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में गौशाला में 95 गौवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। सभी गौवंश स्वस्थ हैं तथा उनके लिए चारा, पानी एवं आवश्यक देखभाल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। गौशाला का संचालन शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमित एवं सुचारू रूप से किया जा रहा है। गौशाला में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं देखभाल के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। स्थानीय स्तर पर निरंतर निगरानी एवं प्रबंधन के माध्यम से गौशाला का संचालन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।

जिले में अब तक 219.8 मिमी वर्षा दर्ज

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में एक जून से 20 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 219.8 मिमी अर्थात 8.65 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 20 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 5.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 4 मिमी, गाडरवारा में 2 मिमी, गोटेगांव में 5 मिमी और करेली में 15 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 226 मिमी, गाडरवारा में 226, गोटेगांव में 150 मिमी, करेली में 187 मिमी और तेंदूखे?ा में 310 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 627 मिमी अर्थात 24.68 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 647 मिमी,

कैच द रेन अभियान जारी

नरसिंहपुर। जिले में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में कैच द रेन अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रभावी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब वर्षाकाल में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत मचामऊ में निर्मित कंटूर ट्रेंच वर्षा जल के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन संरचनाओं में वर्षा का जल संचित हो रहा है, जिससे तेज बहाव पर नियंत्रण, मिट्टी के कटाव में कमी, भूजल स्तर में वृद्धि तथा भूमि में नमी बनाए रखने जैसे लाभ मिल रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में हरियाली बढ़ रही है और प्राकृतिक वनस्पति के विकास को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। इसी क्रम में कैच द रेन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदरासकला में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं जनभागीदारी का संदेश देते हुए लोगों को वर्षा जल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

नहीं रहे मुन्ना लाल सेन

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित सेन समाज के मुन्ना लाल सेन का असमय दुखद निधन हो जाने पर उन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। सहज सरल विनोदी स्वभाव के मुन्ना लाल प्रीतम मन्नु सोनू के पूज्य पिता तथा जगदीश सुरेश बलराम गुड्डू भगवानदास सेन के बड़े भाई थे।

डोंगरा के भाई-बहन ने नीट परीक्षा में लहराया परचम

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। क्षेत्र के ग्राम डोंगरा के एक ही परिवार के दो होनहार भाई बहन ने नीट ह्श्वश्वञ्ज 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुरेन्द्र सिंह पटेल के पुत्र हर्ष कुमार पटेल और बिटिया नम्रता पटेल ने इस कठिन परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है।नम्रता ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 2971 परीक्षा परिणामों में बिटिया नम्रता पटेल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 634 अंक अर्जित किए हैं। जिसके साथ उन्होंने 2971वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।

भाई हर्ष भी नहीं रहे पीछे: वहीं उनके भाई हर्ष कुमार पटेल ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 584 अंक प्राप्त किए हैं। हर्ष ने 16144वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर परिवार का गौरव बढ़ाया है। परिवार और शुभचिंतकों ने दी बधाई। सफल हुए दोनों होनहार छात्र शिक्षक शंकर सिंह पटेल के नाती और गणेश पटेल डोंगरा वाले के भतीजे हैं। एक ही घर से दो बच्चों की इस दोहरी सफलता पर परिजनों रिश्तेदारों और पूरे क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल

मूंग खरीदी की मांग को लेकर 27 को आंदोलन

नवभारत/ साईखेड़ा। भारतीय किसान संघ की तहसील साईखेड़ा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की मूंग फसल की शत-प्रतिशत खरीदी नहीं किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों की मांगों के समर्थन में 27 जुलाई को आंदोलन कर प्रशासन के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी शासन-प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रही

है, जबकि वर्तमान वर्ष को किसान कल्याण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इसके बावजूद किसान अपनी उपज के उचित मूल्य और खरीदी को लेकर परेशान हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित नहीं होने से किसानों में भारी असंतोष है। यदि समय रहते सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क किया जाएगा तथा अधिक से अधिक किसानों को 27 जुलाई के आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश खेमरिया, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, संभागीय सदस्य सहित किसान संघ के अनेक पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

साईखेड़ा में मुख्य मार्ग पर दुर्घटना का खतरा नगर परिषद से तत्काल सुधार की मांग

नवभारत/ साईखेड़ा। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित नर्मदा मंदिर के सामने रखा एक पत्थर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। पत्थर टूटने के कारण उसमें से लोहे की छड़ बाहर निकल आई है, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और श्रद्धालुओं के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस क्षतिग्रस्त पत्थर को नहीं हटाया गया तो कोई भी व्यक्ति उससे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकता है। विशेष रूप से रात के समय और भीड़भाड़ के दौरान यह स्थान अधिक जोखिमपूर्ण हो जाता है। नगरवासियों ने नगर परिषद साईखेड़ा से मांग की है कि जनहित



को देखते हुए टूटे हुए पत्थर को तत्काल हटाकर उसकी जगह नया और सुरक्षित पत्थर लगाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मटर मंडी और नकली मक्का बीज को लेकर किसान संघ का विरोध

नवभारत/ गोटेगांव। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत तहसील इकाई ने नकली बीज बिक्री और मटर मंडी शुरू न होने के विरोध में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम संघमित्रा गौतम को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों यशवंत पटेल, अभिषेक पटेल ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि गोटेगांव तहसील में व्यापारियों द्वारा किसानों को घटिया मक्का बीज बेचा गया है। जिससे किसानों द्वारा बोया गया बीज अंकुरित नहीं हुआ। इससे किसानों को बीज, बुआई और खाद की लागत का नुकसान हुआ है। साथ ही किसानों की जमीन 4 माह तक खाली रह गई है। संघ ने मांग की है कि

व्यापारियों से किसानों को बीज, बुआई और खाद की लागत वापस दिलाई जाए। साथ ही खाली रही जमीन का हरजाना भी दिया जाए। ज्ञापन में सर्वेन्द्र पटेल सिमरिया और लक्ष्मण सिंह पटेल सहित अन्य किसानों का उल्लेख किया गया है जिन्हें जैन ट्रेडिंग कंपनी और राजेंद्र ट्रेडर्स से छ्यक्क9126 वायर बीज दिया गया था। वही संघ ने मांग की है कि हर वर्ष मटर व्यापारी किसानों को समय पर भुगतान नहीं करते। कई बार फसल का पैसा लेकर व्यापारी फरार हो जाते हैं। इससे किसान न्याय के लिए भटकते रहते हैं। इसलिए इस वर्ष मटर मंडी शुरू की जाए ताकि किसानों की मेहनत का पैसा सुरक्षित रहे।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने निकाली ट्रेक्टर रैली

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विगत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा। सरकार द्वारा किसानों कि 100 प्रतिशत मूंग कि खरीदी सुनिश्चित की जाए। मूंग खरीदी के समय बिल बनवाने में किसान के अंगूठे की जगह ओटीपी के द्वारा प्रमाणिकरण किया जावे। खाद्य वितरण प्रणाली में ई टोकन कि व्यवस्था को समाप्त किया जाए ।खाद की पर्याप्त व्यवस्था जिला सहकारी समितियो के माध्यम से सुनिश्ति कि जाये। चिनकी वोरास वैराज परियोजना के वंचित क्षेत्र के

संबंध में विभाग द्वारा स्पष्टीकरण दिया जाये। विंध्याचल क्षेत्र के समस्त सूखा ग्रस्त गांवो में पीने के पानी कि उपलब्धता कि जाये। जंगली सुअरों के द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिन्हें रोकने कि व्यवस्था कि जाये ।बिजली विभाग द्वारा लोड सैटिंग के माध्यम से अघोषित विजली कटोती को बंद किया जाये। जले हुए ट्रांसफार्मर तेंदूखेडा में ही किसानों को उपलब्ध कराये जाये। एवं आयल के नाम पर अवैध वसूली बंद कि जाये। किसानों के लिए खाद वितरण व्यवस्था तेंदूखेडा में सरकारी गोदामों में सुनिश्चित कि जाये ।राजस्व विभाग में किसानो से अवैध वसूली तुरंत बंद की जाये नामांतरण बटवारा नक्शा दुरुस्ती बंधक राजस्व रिकार्ड में रिकार्ड गडवड होने पर संबंधित अधिकारी पर तुरंत कार्यवाही की जाये एवं शासन द्वारा वंदोबस्त कराया जाये। तेंदूखेडा मंडी में कर्मचारियों व्यापारियों की मिली भगत से मंडी बंद रहती है और किसानों को अपनी फसल मजबूरी में प्राइवेट मे बेंचनी पडती है। जिससे किसानो को भारी नुकसान होता है ।समर्थन मूल्य पर शासन द्वारा मूंग की खरीदी में वेयरहाउस मालिक सर्वेयर एवं समिति प्रबंधक द्वारा सेंपल के नाम पर 2-2 किलो मूंग पन्नी में भरकर 4-5 जगह किसान से ली जाती है।

नशे के विरुद्ध जागरूकता का सशक्त संदेश, युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

नवभारत/ नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत सोमवार को शासकीय महिला महाविद्यालय, युवा संगम, नेहरू स्कूल एवं उत्कृष्ट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग के कलापथक दल, नुक्कड़ नाटक दल एवं कठपुतली नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। प्रस्तुतियों ने युवाओं को नशे से दूर रहने का प्रभावी संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की साइबर सेल के श्री कुमुद पाठक ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सतर्कता एवं जागरूकता से ही इन अपराधों से बचा जा सकता है। आरआई ट्रैफिक प्रियंक सराठिया ने सड़क सुरक्षा नियमों एवं राहवीर योजना के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति भी सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया।

काली पट्टी बांधकर पटवारियों का विरोध

नवभारत/गोटेगांव। मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील शाखा गोटेगांव ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। संघ ने तहसीलदार श्रीमती पूर्णिमा भगत को ज्ञापन सौंपकर 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर जाने की सूचना दी है। संघ अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा, सचिव दुर्गेश कुमार चौधरी और महामंत्री मनमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा तैयार कैडर रिव्यू का प्रस्ताव वर्षों से लंबित है। प्रदेश में अन्य कर्मचारियों की पदोन्नति हो रही है लेकिन पटवारी संवर्ग को इससे वंचित रखा गया है। जब तक कैडर रिव्यू लागू नहीं होता तब तक पटवारियों को पदोन्नति और समयमान वेतनमान

का लाभ दिया जाए। संघ की अन्य मांगों में नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा जल्द कराना शामिल है। पटवारी संवर्ग के लिए यह परीक्षा पिछले 25 वर्षों में सिर्फ एक बार 2018 में हुई है। साथ ही राजस्व प्रकरणों में पटवारियों पर सीधे स्न्नद्धक्रहोने के कारण उन्हें भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार के साथ जज प्रोटेक्शन एक्ट में शामिल किया जाए। इसके अलावा वित्तीय बकाया भुगतान, बार-बार तबादलों पर रोक और स्थायित्व की नीति लागू करने की मांग भी की गई है। संघ ने बताया कि 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर, 24 से 27 जुलाई तक शासकीय व अर्धशासकीय कार्यक्रमों का बहिष्कार, 28 जुलाई से 2 अगस्त तक समस्त ऑनलाइन कार्य बहिष्कार और 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर नगर पालिका का विशेष अभियान

नवभारत/ नरसिंहपुर। करेली शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और जाम-मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका करेली द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (ठोस कचरा प्रबंधन) एवं अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान सोमवार को चलाया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर स्वच्छता एवं सुव्यवस्था के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया गया। अभियान के तहत सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए। सड़क एवं नालियों में कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध मौके पर ही जुर्माने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे कचरा केवल निर्धारित कचरा वाहन में ही डालें, जिससे शहर की स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने के लिए दुकानों के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। सड़क एवं फुटपाथ पर रखे गए सामान को जब्त कर मार्ग को बाधा मुक्त किया गया, जिससे आमजन और राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिल सके। नगर पालिका करेली ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि बाजार क्षेत्र किसी भी शहर की पहचान होता है। इसे स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

लापरवाही | पिकअप में 50-50 मजदूर भरकर झोतेश्वर चौकी के सामने से निकलते हैं ओवरलोड वाहन

भूसे की तरह ठूंसे जा रहे मजदूर, क्या बड़े हादसे का इंतजार

नवभारत/ गोटेगांव। क्षेत्र में मजदूरों की जान से खिलवाड़ लगातार जारी है। निर्माण और किसानी काम के लिए ग्रामीण इलाकों से आने वाले मजदूरों को पिकअप वाहनों में भूसे की तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा है। क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरकर दौड़ते ये वाहन कभी भी बड़ा हादसा कर सकते हैं। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि मजदूर पिकअप के पिछले हिस्से में असुरक्षित तरीके से बैठे और लटके हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार 10-15 लोगों की क्षमता वाले वाहनों में 40-50 मजदूर भरे जाते हैं। ये तेज रफ्तार से मुख्य

मार्गों पर दौड़ते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई नई बात नहीं है। पहले भी ओवरलोड पिकअप पलट चुके हैं और मजदूर घायल हुए हैं। इसके बाद भी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि झोतेश्वर पुलिस चौकी के सामने से ही ये ओवरलोड पिकअप बेखौफ निकलते हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन आंख बंद किए हुए है। क्षेत्रवासी सवाल उठा रहे हैं कि पुलिस प्रशासन सिर्फ टू-व्हीलर वालों पर चालान तक ही सीमित क्यों है।

वाहन चालकों के हौसले बुलंद

डंपर, बस और पिकअप बिना फिटनेस, बिना परमिट के दौड़ रहे हैं। कुछ बसें तो बिना पेमेंट के भी सड़क पर हैं। श्रीनगर के पचमा में बस हादसे में एक बच्ची की मौत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की थी, लेकिन फिर सब शांत हो गया। अब फिर वही स्थिति बन गई है और वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग से मांग की है।

टीएल बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा

नवभारत/ नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो रहा है, उन्हें उसी गंभीरता से प्राथमिकता देते हुए सभी विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में जिले की रैंकिंग इस प्रकार नहीं रहती थी, लेकिन डी एवं सी-केटेगरी में होने के कारण वर्तमान स्थिति बनी है। उन्होंने अधिकारियों से विभागवार रैंकिंग में सुधार लाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द खरीदी की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने किसानों द्वारा अब तक बुक किए गए स्लॉट, खरीदी केंद्रों पर उपज विक्रय करने वाले किसानों की संख्या एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जबलपुर संभाग के आयुक्त (राजस्व) के प्रस्तावित जिले के भ्रमण एवं निरीक्षण की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों की समीक्षा के दौरान श्रम विभाग द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही शिविरों में आने वाले प्रकरणों की ऑनलाइन एंट्री भी की जाये।